संपादकीय

# हाथ से जुड़ेंगे हाथ?

कांग्रेस ने 26 जनवरी से 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। यह मुहिम भी 30 जनवरी को श्रीनगर में पूरी होने जा रही भारत जोड़ो यात्रा जैसी ही महत्त्वाकांक्षी है।

कांग्रेस के नजरिए से यह अच्छी बात है कि भारत जोड़ो यात्रा के साथ ही संगठन को सक्रिय रखने की योजना पार्टी नेतृत्व ने घोषित कर दी है। किसी संगठन के लिए सबसे हानिकारक बात यही होती है कि नेतृत्व कोई दिशा और कार्यक्रम देने में नाकाम रहता है, जिससे कार्यकर्ता निष्क्रिय होने लगते हैं। तो कांग्रेस ने 26 जनवरी से 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। यह मुहिम भी 30 जनवरी को श्रीनगर में पूरी होने जा रही भारत जोड़ो यात्रा जैसी ही महत्त्वाकांक्षी है। दरअसल, जब इस यात्रा का कार्यक्रम घोषित किया गया था, तब ज्यादातर लोगों को उम्मीद नहीं थी कि सचमुच राहुल गांधी और अन्य 'भारत यात्री' साढ़े तीन हजार किलोमीटर पैदल चलेंगे। तब यह भी अनुमान नहीं था कि यह यात्रा इतनी प्रभावशाली होगी। इस यात्रा की सफलता ने कांग्रेस और उससे जुड़े लोगों की साख कायम की है। सबसे ज्यादा साख राहुल गांधी की बढ़ी है, जिन्हें अब एक जमीनी समझ रखने वाले और आम जन से जुड़े नेता के रूप में देखा जाने लगा है।

इसलिए अब उन्होंने नए अभियान को लेकर आम जन को जो पत्र लिखा है, उसे हलके से नहीं लिया जाएगा। कांग्रेस ने दावा किया है कि इस मुहिम के दौरान उसके कार्यकर्ता राहुल गांधी का वह पत्र और मोदी सरकार के खिलाफ 'चार्जशीट' लेकर सभी छह लाख गांवों में घर-घर जाएंगे। पार्टी ने इस 'अराजनीतिक' भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस की राजनीतिक पहुंच का अभियान बताया है। इसलिए इसमें पार्टी के चुनाव निशान 'हाथ' को प्रमुखता दी गई है। जाहिर है, इस मुहिम के जरिए पार्टी लोगों से अपना हाथ कांग्रेस के 'हाथ' से जोड़ने का आह्वान कर रही है। स्पष्टत: इसमें सफलता को लेकर फिलहाल उतना ही संदेह है, जितना भारत जोड़ो यात्रा से पहले उसकी सफलता को लेकर था। बहरहाल, यह जरूर कहा जा सकता है कि भले इस अभियान में कांग्रेस को लोगों को खुद से जोड़ने में भले वैसी कामयाबी ना मिले, लेकिन इससे पार्टी संगठन में गति और सक्रियता बनी रहेगी, जो गुजरे दशकों में जमीन से कटती गई गई इस पार्टी के लिए अपने-आप में बेहद महत्त्वपूर्ण है।

# अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट को वायु अधिनियम के तहत नोटिस जारी



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचपीएसपीसीबी) ने सोलन जिला के बागा में स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट को वायु (रोकथाम और प्रदूषण नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।

यह जानकारी बोर्ड के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यहां दी। उन्होंने कहा कि मैसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट, बागा की इकाई की पिछले वर्ष स्टैक उत्सर्जन निगरानी की गई थी, और यह पाया गया कि स्टैक उत्सर्जन निगरानी के परिणाम निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हैं। इसके बाद, एचपीएसपीसीबी के क्षेत्रीय कार्यालय ने पर्यावरण मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कर एपीसीडी के सुचारू संचालन के लिए सुधारात्मक उपाय करने के लिए इकाई को नोटिस जारी किया था।

इससे पूर्व इकाई में सीमेंट मिल, रॉ मिल और कोयला मिल में स्टैक उत्सर्जन निगरानी की गई थी जो कि निर्धारित मापदंडों से ऊपर पाई गई। उन्होंने कहा कि स्टैक उत्सर्जन के उल्लंघन के लिए इकाई के खिलाफ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई शुरू की गई थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हरित ट्रिब्यूनल ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को कानून का उल्लंघन करने वाली इकाईयों से पर्यावरण नुकसान की भरपाई करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य ने कई अवसर प्रदान किए, लेकिन यूनिट अभी भी जारी किए गए निर्देशों का पालन नहीं कर रही है।

अब हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इकाई से 15 दिन के भीतर जवाब मांगा है कि क्यों न उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए और एनजीटी के निर्देशों के अनुसार पर्यावरण नुकसान की भरपाई भी की जाए।

उन्होंने कहा कि अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार 10 हजार रुपये तक जुर्माना लगाया जा सकता है या सात वर्ष तक का कारावास या मामले के अनुसार दोनों का भी प्रावधान है।

प्रवक्ता ने कहा कि इसी प्रकार के एक अन्य मामले में, मैसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट, बागा की परिवेशी वायु और स्टैक उत्सर्जन निगरानी की गई थी। परिवेशी वायु और स्टैक उत्सर्जन का परिणाम एकत्र किया गया था, जो निर्धारित पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप नहीं था। निर्धारित मापदण्डों का अनुपालन नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उन्होंने कहा कि संयंत्र क्षेत्र में पानी के छिडक़ाव की व्यवस्था नहीं होने और वाहनों की आवाजाही के कारण धूल का उत्सर्जन होने पर एक बार फिर इकाई का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा, कोयला मिल क्षेत्र को शीट कवर भी उपलब्ध नहीं कराया गया था। इसके परिणामस्वरूप इकाई को 15 दिनों के भीतर अपना जवाब तैयार करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# व्हाइटऑक कैपिटल म्यूचुअल फंड ने पेश की नई निवेश योजना





**मुंबई।** व्हाइटऑक कैपिटल म्यूचुअल फंड ने निवेशकों के लिए एक नए फंड ऑफर (एनएफओ) की घोषणा की। 'व्हाइटऑक कैपिटल बैलेंस्ड एडवांटेज फंड' नाम से यह योजना निवेशकों के लिए 20 जनवरी से 03 फरवरी तक खुली रहेगी।

कंपनी की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह इच्टिी (65-100 प्रतिशत), आर्बिट्रेज (0-50 प्रतिशत) और ऋण-पत्र/कैश प्रतिभूतियों में ( 0-35 प्रतिशत) की लचीली निवेश सीमा वाली योजना है। इसमें बाजार की दशाओं में उतार चढ़ाव के जोखिमों के प्रबंध के हिसाब से शेयरों में शुद्ध निवेश नेट 30-80 प्रतिशत की सीमा में रखा जाएगा।

कंपनी ने कहा कि इस एनएफओ के प्रदर्शन की तुलना बीएसई सेंसेक्स के टीआरआई ( पूर्ण प्रतिफल सूचकांक) से की जाएगी जिसमें पूंजीगत प्राप्ति और लाभांश दोनों शामिल होता है। व्हाइटऑक कैपिटल म्युचुअल फंड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष सोमैया ने कहा, यह बैलेंस्ड एडवांटेज फंड निवेशकों को उनके पोर्टफोलियो को अस्थिरता से सुरक्षित रखने में मदद करेगा और निवेशकों के लिए विविधीकरण प्रदान करेगा जिसका एक्सपोजर लार्ज, मिड या थीमैटिक इच्टिी फंडों में होगा।

# सिंगापुर एयरलाइंस कोलकाता-सिंगापुर मार्ग पर फिर से उतारेगी ए350 विमान



**कोलकाता।** सिंगापुर एयरलाइंस (एसआईए) कोलकाता-सिंगापुर सेक्टर के बीच अपने ए350-900 मीडियम हॉल वाइड-बॉडी एयरक्राफ्ट की उड़ान फिर से शुरू करेगी। कंपनी ने सिंगापुर एयरलाइंस कोलकाता और सिंगापुर के बीच दैनिक उड़ानें संचालित करती रहेगी। एयरलाइंस ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, पहली ए350 सेवा, एसक्यू 516 कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 26 मार्च को रात 11-50 बजे प्रस्थान करेगी। कंपनी ने बताया कि सप्ताह के बाकी दिनों में कंपनी अपनी बी 737-8 नैरो-बॉडी सेवाओं का संचालन करेगी। कोलकाता से वाइड-बॉडी सेवाओं को फिर से शुरू करने पर सिंगापुर की सीट क्षमता में 41.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी और कार्गो क्षमता में 200 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि भी होगी।

# इंकम टैक्स स्लैब में बदलाव की तैयारी, 1 फरवरी को घोषणा कर सकती हैं सीतारमण




**नई दिल्ली।** 1 फरवरी को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आम बजट पेश करेंगी। इस बजट को लेकर सभी वर्गों ने उम्मीदें लगाई हुई हैं। सबसे ज्यादा आस मध्यम वर्ग को इंकम टैक्स स्लैब को लेकर है। वहीं सूत्रों की मानें तो इंकम टैक्स स्लैब में केंद्र सरकार बड़ा बदलाव कर सकती है। हालांकि विभाग की तरफ से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

यह टैक्सेशन सिस्टम अन्य चीजों के अलावा रेंटल होम और इंश्योरेंस पर टैक्स छूट नहीं देता है। सरकारी सूत्रों में से एक ने कहा, 'नया इनकम टैक्स सिस्टम में छूट और कर कटौती की अनुमति देना इसे जटिल बना देगा और इस योजना को शुरू करने का इरादा नहीं था।' टैक्सपेयर्स के लिए अभी 2.5 लाख रुपए तक की सालाना इनकम टैक्स फ्री होती है। सूत्रों की मानें तो इसे बढ़ाने पर विचार चल रहा है. विभाग से इसे लेकर सुझाव मांगा गया है। लिमिट को बढ़ाकर 3 लाख से 5 लाख तक किया जा सकता है। इससे पहले आखिरी बार साल 2014 में इनकम टैक्स छूट की सीमा में बदलाव किया गया था। उस वक्त लिमिट को दो लाख से बढ़ाकर 2.5 लाख रुपए किया गया था। ऐसा होता है तो टैक्सपेयर्स को निवेश के लिए ज्यादा पैसा मिलेगा। मौजूदा समय में टैक्सपेयर्स को पुराने और नए टैक्स सिस्टम में से किसी एक को चुनने का मौका है. सरकार ने नए टैक्स सिस्टम का लाभ उठाने वाले लोगों की संख्या के आंकड़े पब्लिक नहीं किए हैं। देश में इनकम टैक्स प्रति वर्ष 500,000 रुपये की न्यूनतम सालाना कमाई पर लगाया जाता है। प्रति वर्ष 500,000 रुपये -750,000 रुपये के बीच कमाई करने वालों को नई योजना के तहत पुराने नियमों के तहत लागू 20 फीसदी दर के मुकाबले 10 फीसदी टैक्स का भुगतान करना पड़ता है, जबकि 15 लाख रुपये से ऊपर की एनुअल इनकम पर 30 फीसदी टैक्स लगाया कर लगाया जाता है।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र की तीसरी तिमाही का लाभ दोगुना से अधिक बढकऱ 775 करोड़ हुआ

**चंडीगढ़।** सरकारी स्वामित्व वाले बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सोमवार को निवल ब्याज आय में वृद्धि और बेहतर आस्ति गुणवत्ता के कारण दिसंबर 2022 को समाप्त तिमाही में अपने लाभ में दुगनी से अधिक 775 करोड़ की वृद्धि रिपोर्ट की है। पुणे में मुख्यालय वाले सार्वजनिक क्षेत्र के इस बैंक ने, जिसकी चौथी तिमाही में 500-1,000 करोड़ के योग्य संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी) जारी करने की योजना है, विगत वर्ष ?325 करोड़ का निवल लाभ रिपोर्ट किया था।

सकल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष लगभग 22 प्रतिशत बढकऱ 1,56,962 करोड़ हो गए। जिसमें, कॉर्पोरेट अग्रिमों में 25 प्रतिशत, रिटेल (23 प्रतिशत), एमएसएमई (22 प्रतिशत) और कृषि अग्रिमों में (9 प्रतिशत) की वृद्धि हुई। दिसंबर 2022 के अंत तक कुल जमाराशियां लगभग 12 प्रतिशत बढकऱ 2,08,436 करोड़ हो गई। कुल जमाराशियों में कम लागत चालू खाते, बचत खाते में जमाराशियों का अनुपात 52.50 प्रतिशत रहा।

तिमाही के आंकड़ों के बारे में बताते हुए, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक ए. एस. राजीव ने कहा कि निवल लाभ में 138.76 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और परिचालन लाभ 35.94 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हुए ?1,580 करोड़ हो गया है, जबकि एक वर्ष पूर्व की इसी तिमाही में यह 1,162 करोड़ था। उन्होंने कहा कि चालू तिमाही में लाभ की बढत बनाए रखना और निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) को भी 3.6 प्रतिशत के वर्तमान स्तर पर बनाए रखना बैंक का लक्ष्य है।

ए. एस. राजीव ने कहा कि, हालांकि बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (उपार्जित लाभ को छोडकऱ) सुदृढ रूप से 17.53 प्रतिशत है और अपना कारोबार बढ़ाने के लिए इसे पूंजी की आवश्यकता नहीं है, तथापि बैंक, वर्तमान में 90 प्रतिशत से अधिक की सरकारी शेयरधारिता को 85 प्रतिशत तक घटाने के लिए, संभवत: इस तिमाही में, क्यूआईपी के माध्यम से 500-1,000 करोड़ की शेयर बिक्री की योजना बना रहा है। स्टॉक मार्केट रेग्युलेशन के अनुसार, किसी एक प्रमोटर की हिस्सेदारी 75 फीसदी से अधिक नहीं होनी चाहिए।

बैंक की निवल ब्याज आय (एनआईआई) वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 29.65 प्रतिशत बढकऱ 1,980 करोड़ हो गई, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही में यह 1,527 करोड़ थी। दिसंबर की इस तिमाही में बैंक की कुल आय बढकऱ 4,770 करोड़ हो गई, जो एक वर्ष पूर्व की अवधि में ?3,893 करोड़ थी।

# फुटबॉल मैच के कवरेज के दौरान आपत्तिजनक आवाज के लिए बीबीसी ने जताया खेद



**लंदन।** ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) ने एफए कप मैच के सीधे प्रसारण के दौरान आपत्तिजनक आवाजें जारी होने को लेकर खेद जताया है। ऐसा लगता है कि यह आवाजें संभवत: किसी व्यक्ति द्वारा स्टूडियो में छिपाकर रखे मोबाइल फोन से आईं थीं।

इस व्यवधान के कारण मंगलवार को मोलिनक्स स्टेडियम में वॉल्वरहैम्प्टन और लिवरपूल के बीच मैच से पहले इंग्लैंड के पूर्व स्ट्राइकर गैरी लाइनेकर द्वारा पेश किया जा रहा कवरेज बाधित हो गया था। लाइनेकर ने बाद में ट्विटर पर एक मोबाइल फोन की तस्वीर पोस्ट की और कहा कि स्टेडियम के अंदर इसे सेट के पीछे छिपाया गया था। लाइनेकर ने कहा, प्रसारण के दौरान शोर हुआ जो काफी हास्यप्रद था।

हालांकि, बीबीसी' ने एक बयान जारी कर कहा, हम आज शाम फुटबॉल के सीधे प्रसारण के दौरान इस व्यवधान से किसी भी दर्शक को हुई परेशानी के लिए माफी मांगते हैं। यूट्यूब पर मजाक करने वाले (प्रैंकस्टर) जार्वो नामक एक व्यक्ति ने ट्वीट किया कि इस स्टंट के पीछे उसका हाथ है। उसने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उसे इस कथित फोन पर कॉल कर इस तरह की आवाज को निकालते देखा जा सकता है।

जार्वो का असली नाम डैनियल जार्विस है। उसे सितंबर 2021 में इंग्लैंड और भारत के बीच क्रिकेट टेस्ट मैच के दौरान पिच पर दौडऩे और इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो से भिडऩे के बाद अक्टूबर में इंग्लैंड और वेल्स में सभी खेल आयोजनों से दो साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था।

# सोनाक्षी की दहाड़ बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में जाने वाली पहली भारतीय वेब सीरीज बनी



सोनाक्षी सिन्हा फिल्मों में काम करने के बाद अब वेब पर भी अपनी शुरुआत कर रही हैं। उनकी पहली वेब सीरीज है दहाड़, जिसे लेकर पिछले कुछ समय से सोनाक्षी सुर्खियों में हैं। इससे जुड़ीं यूं तो कई जानकारियां सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब एक बड़ी खबर सामने आई है, जिससे बेशक सोनाक्षी के साथ उनके प्रशंसकों का सीना भी गर्व से चौड़ा हो जाएगा। दरअसल, दहाड़ का प्रीमियर प्रतिष्ठत बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में होने जा रहा है।

सोनाक्षी अमेजन प्राइम वीडियो की सीरीज दहाड़ से ओटीटी पर अपना करियर शुरू कर रही हैं, जो इसी साल स्ट्रीम होगी, लेकिन उससे पहले इसे बर्लिन अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में दिखाया जाएगा। सोनाक्षी ने इंस्टाग्राम पर इसका पोस्टर साझा कर लिखा, बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में गूंजेगी दहाड़ और इसी के साथ यह इस प्रतिष्ठित समारोह में जाने वाली पहली भारतीय वेब सीरीज बन गई है। इसका हिस्सा बन गर्व है। दुनिया को अपनी दहाड़ सुनाने का इंतजार नहीं कर सकती।

# भोला से तब्बू का फर्स्ट लुक जारी, 30 मार्च को रिलीज होगी फिल्म



बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन अपनी मूवी दृश्यम 2 के हिट होने के उपरांत निरंतर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इसके साथ ही वह इन दिनों अपनी अपकमिंग मूवी भोला को लेकर बिजी हो चुके है। अब अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से मूवी भोला से तब्बू का फर्स्ट लुक साझा कर दिया है। जिसके साथ ही उन्होंने तब्बू का एक मोशन पोस्टर भी साझा किया है। इस मूवी में तब्बू एक पुलिस ऑफिसर के रोल में दिखाई देने वाली है। मूवी से उनका लुक फैंस को खूब पसंद भी आने लगा है। बताते चलें कि मूवी भोला से अजय देवगन का लुक पहले ही आ चुका है जिसे लोगों ने खूब पसंद भी किया जा रहा है।

# आज का राशिफल

***मेष :*** आपका दिन सामान्य रहेगा। बिजनेस में रुका हुआ पैसा आपको मिल सकता है। आपको किसी विशेष काम में दूसरे लोगों की मदद मिल सकती है। साथ ही परिवार के लोग आपके हर फैसले के साथ होंगे।

***वृष :*** आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके अच्छे व्यवहार से आसपास के लोग खुश रहेंगे। साथ ही आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। समाज में आपको उचित आदर-सम्मान मिलेगा।

***मिथुन :*** आपका दिन बढिय़ा रहेगा। परिवार वालों के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जायेंगे। आपके मित्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। आर्थिक रूप से आपको लाभ की प्राप्ति होगी।

***कर्क :*** आपका दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। थोड़ी-सी मेहनत से ही आपको बड़ा मुनाफा मिल सकता है। आप जीवनसाथी के साथ डिनर का प्लान बना सकते हैं। आप दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ेंगी। बच्चे दोस्तों के साथ कोई गेम खेल सकते है।

***सिंह :*** आपका दिन अनुकूल रहेगा। आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। साथ ही आपके परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आपको आनंद की अनुभूति होगी। आपकी किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। आप किसी खास विषय पर उनसे बातचीत भी कर सकते हैं।

***कन्या :*** आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में हिस्सा ले सकते हैं। ऑफिस में आपको कोई नया काम मिल सकता है, जिसमें आप अपनी मेहनत से सफल भी हो सकते हैं। परिवार से जुड़े किसी काम के लिए थोड़ी भागदौड़ हो सकती है।

***तुला :*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आर्थिक स्थिति में प्रगति हो सकती है। जीवन में तरक्की के नये रास्ते भी खुलेंगे। ऑफिस में आपकी ड्रेस की तारीफ हो सकती है। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

***वृश्चिक :*** आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको बिजनेस के क्षेत्र में कुछ लोगों से मदद मिलेगी। आपसी समझ और प्यार आपके दाम्पत्य संबंधों को और भी बेहतर बनायेंगे। सामाजिक जीवन भी आज हर तरह से बेहतर बना रहेगा।

***धनु :*** जीवनसाथी के साथ आपको बातचीत में थोड़ी नरमी बरतनी चाहिए। धैर्य रखने पर आपके रिश्ते मधुर होंगे। नियमित योग करने से आपका स्वास्थ्य भी बेहतर बना रहेगा। कुछ कामों में आपको अधिक समय लग सकता है।

***मकर :*** आपका दिन मिला-जुला रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों को नया प्रोजेक्ट मिल सकता है। आगे चलकर ये प्रोजेक्ट आपको फायदा दिलायेगा। इस राशि के विद्यार्थियों के लिए दिन सामान्य रहने वाला है।

***कुंभ :*** आपको तरक्की के कुछ नये साधन मिल सकते हैं। कुछ अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात दिन को और बेहतर बना सकती है। आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। बिजनेस में तरक्की सामान्य रूप से बनी रहेगी।

***मीन :*** आपका दिन शानदार रहेगा। कोई दोस्त आपसे घर पर मिलने आ सकता है। साथ में कोई मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं। आपके अधूरे काम पूरे हो जायेंगे। बिजनेस में नए एग्रीमेंट हो सकते हैं। संपत्ति बढ़ाने की कोई योजना सफल हो सकती है।

# आसान विधि से बनाएं बनारसी दम आलू



बनारस के स्वाद की बात ही कुछ और है। एक बार यहां के जायकों को चखने के बाद सालों तक आप उस स्वाद को भूल नहीं सकते। तो आइए ऐसी ही एक डिश करते हैं ट्राय बनारसी दम आलू।

**सामग्री :**

10-15 उबले हुए (एकदम छोटे आकार के), 2-3 चम्मच सरसों का तेल, 1 चुटकी हींग, 2 हरे लहसुन की पत्तियां कटी हुई, 1 टीस्पून जीरा, 2 टेबलस्पून धनिया, 1 टीस्पून जीरा, 1 टीस्पून सरसों के दाने, 1 टीस्पून सौंफ, ½ अजवाईन, ½ कलौंजी, 4 से 5 साबूत लाल मिर्च, 1 टीस्पून हल्दी पाउडर, 2 टेबलस्पून अमचूर पाउडर, स्वादानुसार नमक, 2 टेबलस्पून हरी धनिया की पत्तियां

**विधि :**

- उबले आलूओं से छील लें या फिर ऐसे ही बीच से चीरा लगा।
- एक बड़ी लोहे की कढ़ाही रखें और तेल गर्म करें।
- अब उसमें कटी हुई लहसुन की पत्तियां और हींग डालकर भूनें इसके बाद आलूओं को कढ़ाही में डालकर 15 से 20 मिनट तक भूनें।
- इस समय सभी खड़े मसालों को हल्का गर्म करें और दरदरा पीसकर तैयार करें।
- जब आलू एकदम सुनहरा भून जाए तो उसमें पीसा हुआ मसाला, हल्दी, आमचूर पाउडर और नमक डालकर मिलाएं।
- आलू को मसालों के साथ भी पांच मिनट तक अच्छी तरह से मिलाएं लें।
- अब धनिया पत्ती डालें और हरी चटनी के साथ गर्मागर्म सर्व करें।


# शब्द सामर्थ्य- 316

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 315 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्व | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | र्दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

# सू-दोकू- 316

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.315 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |